रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (मध्य कमान) करियप्पा मार्ग, लखनऊ छावनी -226002
Principal Controller of Defence Accounts (Central Command) Cariappa Road, Lucknow Cantt.– 226002
कार्यालय फोन सं.-0522-2451084/कार्यालय फ़ैक्स सं-0522-2453038
Office Phone No.-0522-2451084/Office Fax No.-0522-2453038

सं.प्रशा./1025/हि.क./पत्रिका/14 वां अंक

दिनांक : 22/04/2021

सेवा में ,

मुख्य कार्यालय के सभी अनुभाग /
सभी अधीनस्थ कार्यालय

विषय : मुख्य कार्यालय की हिंदी गृह पत्रिका 'लेखा भारती ' के 14 वें अंक का प्रकाशनः रचनाओं का प्रेषण।
संदर्भः इस कार्यालय का दिनांक 31/03/2021 का समसंख्यक पत्रांक।

******

उपर्युक्त विषय में सूचित किया जाता है कि रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (म.क) लखनऊ की गृह पत्रिका 'लेखा भारती' के 14 वें अंक का प्रकाशन किया जाना है ।

पत्रिका के प्रकाशन से राजभाषा के प्रचार-प्रसार के साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों की रचनाधर्मिता प्रस्फुटित होती है एवं उनकी सृजनशीलता को अभिव्यक्ति मिलती है। अत: कार्यालय/अनुभाग प्रभारियों से अनुरोध है कि वे स्वयं तथा अपने अधीन कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा दिनांक 15 मई 2021 तक साहित्य की विभिन्न विधाओं की रचनाएं यथा लेख, कहानी,साक्षात्कार, अनुभव, कविता आदि भिजवाना सुनिश्चित करें एवं पत्रिका के प्रकाशन में सहयोग प्रदान करें।

पत्रिका में प्रकाशन हेतु रचनाएँ भेजने के लिए अनुरोध है कि:

1. रचनाएँ फुल स्केप कागज पर एक ओर टाइप/स्वच्छ हस्त लिखित होनी चाहिए। रचानाओं को टाइप कर इसकी सॉफ्ट कॉपी ई-मेल पते pcdacchindicell.dad@nic.in पर भी भेजी जा सकती है।

2. अस्वीकृत रचनाएँ वापस नहीं की जाती। अतः एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखें।

3. रचना के साथ लेखक का यह प्रमाण पत्र भी संलग्न होना वांछनीय है कि यह उसकी मौलिक रचना है तथा अन्यत्र कहीं प्रकाशित नहीं हुई है।

यद्यपि विभागीय रचनाओं को प्राथमिकता दी जाती है जिसमे हमारे उप कार्यालयों/ अनुभागों द्वारा किए गए विशेष कार्यों का उल्लेख हो, तथापि पत्रिका में प्रकाशन योग्य सामग्री का चयन इस हेतु गठित समिति/सम्पादक मंडल द्वारा किया जायेगा।

-ह०-
लेखाधिकारी(रा.भा.)

प्रतिलिपि-

स्वचलन कक्ष (स्थानीय) ... संगठन की बेबसाइट पर अपलोड करने हेतु

लेखाधिकारी (रा.भा.)

Data/Patrika/Lekha Bharti 13/E patrika 13